nt>

**Title:** Need to restore agricultural land to the Farmers in Sagar Parliamentary constituency, occupied by Bamheri Bika Field Firing Range.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर, मध्य प्रदेश में स्थित बम्होरी बीका फील्ड फायरिंग रेंज में ग्राम बम्होरी, बेरखेरी, लड़ैयापुर, सुल्तानपुरा, मझगुवा अहीर, मझगुंका ग्रंट, तालचिरी, पथरिया जाट, बाबूपुरा, सिरोंजा आदि ग्रामों के कृषक अपने पूर्वजों के समय से कृषि कार्य करते चले आ रहे थे। सुरक्षा विभाग द्वारा उक्त ग्रामो की जमीन को फील्ड फायरिंग रेंज हेतु सन १९७४ में अर्जित कर लिया गया था। ग्रामवासियों द्वारा आपत्ति करने पर कृषकों को आश्वासन दिया गया था कि आप लोग जिस प्रकार से अग्रेजी शासन काल से खेती करते आये हैं, उसी प्रकार सुरक्षा विभाग को देने पर भी करते रहेंगे।

इस आश्वासन के पश्चात उसी समय से इन सभी ग्रामों के किसान अपने सभी प्रकार के विस्तार व खेती करते चले आ रहे थे कि सन १९९२ से एकाएक सुरक्षा ि वभाग ने सभी उपयोग बंद करा दिया जिससे इन १० ग्रामों के लगभग तीस हजार लोगों के भूखों मरने की स्थिति निर्मित हो गई है। फील्ड फायरिंग रेंज कृषि भूमि से तीन कि.मी. दूर है तथा सुरक्षा विभाग ने अपने उपयोग से २५ प्रतिशत ज्यादा कृषि योग्य जमीन अर्जित की है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन दस ग्रामों के ग्रामवासियों एवं कृषकों के भरण-पोषण हेतु मानवीय आधार पर बम्होरी बीका फील्ड फायरिंग रेंज की कृषि योग्य उपयोगी जमीन जो सुरक्षा विभाग को जरूरी नहीं है, वह किसानों के उपयोग करने हेतु पूर्व की भांति अनुमति दी जाये।